हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
15 मार्च 2024, समय 1810

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में और वृद्धि होने का अनुमान है।
- निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा।
- हरियाणा सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों, पेंशन धारकों एवं पारिवारिक पेंशन धारकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत वृद्धि करने के आदेश जारी किये।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि हरियाणा में एक करोड़, 98 लाख, 23 हज़ार, 168 मतदाता, लोकसभा चुनाव में भाग ले सकेंगे।
- हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में 3 करोड़ रूपये से अधिक 16 विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

.........................................................................

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस समय शीर्ष पर है और इसके और बढने का अनुमान है। एक निजी समाचार चैनल के सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने विभिन्न सेक्टरों में सुधार का लाभ जमीनी स्तर तक पंहुचाने के लिए केन्द्र, राज्य और स्थानीय निकायों के बीच अधिक तालमेल की जरूरत को रेखांकित किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से लोग अपने अधिकारों के प्रति स्वाभाविक रूप से सजग होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित आधुनिक तकनीकों में कौशल प्रशिक्षण का लक्ष्य हासिल कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं से घरेलू बचत और उपभोगता व्यय बढाने का प्रयास कर रही है।

चुनावी बॉंड योजना पर एक प्रश्न के उत्तर में श्रीमती सीता रामन ने कहा कि यह राजनीतिक चन्दा देने की पूर्व प्रणाली से कुछ बेहतर है और इससे वैध धन राशि का हस्तांतरण सुनिश्चित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि इससे सबक लेते हुए आगे आने वाले विधानों में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

वित्त मंत्री ने मौजूदा सरकार के प्रभावी सुधारों का विरोध करने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का सुधार कार्य किसी भी राजनीतिक दबाव के बावजूद जारी रहेगा।

राजनीतिक दलों की मुफ्त उपहार राजनीति का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने केवल वोट लेने के लालच से विपक्ष की लोक लुभावन नीतियों की निन्दा की। उन्होंने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प की सराहना की।

देश के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों के बीच अंतर डालने के प्रयासों को उन्होंने केन्द्र सरकार के खिलाफ राजस्तरीय दलों की कथित चाल बताया और ऐसे राजनीतिक दुष्प्रचार के लिए विपक्ष की आलोचना की।

............................................................................

निर्वाचन आयोग कल बाद दोपहर लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने देश की 543 संसदीय सीटों में से 303 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटें जीतने का है। अब तक भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 267 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 82 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

............................................................................

हरियाणा सरकार ने राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों, पेंशन धारकों और पारिवारिक पेंशन धारकों के महंगाई भत्ते की दर में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी करने के आदेश जारी किए हैं। इसे महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बढ़ी हुई दर पहली जनवरी से लागू होगी।सरकारी कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मार्च माह के वेतन के साथ अप्रैल में ही मिलना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही, जनवरी और फरवरी माह का बकाया मई में मिलेगा।

............................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि इस वर्ष 22 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार हरियाणा में कुल एक करोड़ 98 लाख 23 हज़ार 168 मतदाता, चुनाव में भाग ले सकेंगे।

आज चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधों को लेकर की गई समीक्षा बैठक के बाद श्री अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को यह मतदाता सूची उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर प्रतिनिधियों को लगता है कि सूची में अपात्र मतदाताओं के नाम शामिल हैं या किसी पात्र

मतदाता का नाम शामिल नहीं है तो वे फॉर्म नंबर 6, 7 व 8 भरकर इसकी जानकारी संबंधित ज़िला निर्वाचन अधिकारी को दे सकते हैं।

श्री अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 से 2024 के बीच प्रदेश में 23 लाख से अधिक नये मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 से 19 वर्ष आयु के मतदाताओं की संख्या 3 लाख,63 हज़ार, 492 है जो पहली बार मतदान में भाग लेंगे। श्री अग्रवाल ने बताया कि इन युवा मतदाताओं में 2 लाख, 43 हज़ार, 133 पुरूष और एक लाख, 20 हज़ार 339 महिला मतदाता शामिल है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 100 से 109 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 10 हज़ार, 759 है, जबिक 41 मतदाता 120 वर्ष से अधिक आय़ु के हैं जिनमें से 8 मतदाता केवल गुरूग्राम में है। श्री अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर नज़र रख्ने के लिए सी-विगिल ऐप तीसरे नेत्र की तरह काम करेगी। ऐप पर किसी भी तरह की धांधली की रिपोर्ट अपलोड करनेवाले का नाम एवं पहचान उजागर नहीं की जायेगी।

..........................................................................

आगामी लोकसभा चुनाव में अपना-अपना मतदान करने के लिए हर वर्ग में भारी उत्साह है। आज जिला जींद मुख्यालय पर किसानों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में वें बढ़-चढ कर भाग लेगें और किसी के भी बहकावें में नहीं आएगें क्योंकि मतदान करना उनका मौलिक अधिकार हैं और ऐसी सरकार चुनेगें जो लोकतंत्र को मजबूत करे और देश को आगें ले जाने का काम करें। किसानों ने कहा कि उनका मतदान करने के प्रति भारी उत्साह है और वें निष्पक्ष व भय-मुक्त होकर देश की सरकार का चुनाव करेगें

..........................................................................

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी शहर में 3 करोड़ 3 लाख रुपये के 16 विकास कार्यों की आधारशिला रखी । इन विकास कार्यों में जगाधरी की विभिन्न सड़कें, पाइप लाइन बिछाना और गलियों का निर्माण शामिल है ।

इस अवसर पर श्री कंवरपाल ने कहा कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए है, जिनमे से अधिकतर पूरे हो गए है और कुछ पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग रहा तो आगे भी विकास का पहिया ऐसे ही चलता रहेगा उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार लोक कल्याण हेतु दिन-रात विकास कार्य करवा रही है और उनका लक्ष्य है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कोई विकास कार्य अधूरा न रहें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश विश्व के विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो।हरियाणा में लोगों को केन्द्र सरकार की विकासात्मक नीतियों एवं योजनाओं का लाभ उनके घर-द्वार पर मुहैया करवाया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ से देश व प्रदेश के लोगों के जीवन की तस्वीर बदल रही है।

.............................................................................

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से चंडीगढ़ में एक सेमीनर का आयोजन किया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो के उपनिदेशक राजीव पी. ने कहा कि सेमीनार के आयोजन का उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेशों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए उन्होंने देश में गुणवत्ता की संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया और कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी विभिन्न आदेशों को प्रणाली ढंग से लागू करके भारतीय मानक ब्यूरो ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा की है।

सेमीनार को भारतीय उद्योग परिसंघ के पूर्व अध्यक्ष अमरबीर सिंह और पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी निदेशक डॉ. जितंदर कौर अरोड़ा ने भी संबोधित किया।

.............................................................................

हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उनको लेकर भारतीय जनता पार्टी छोड़ने संबंधी बयान हताशा में दिया है।

उल्लेखनीय है कि दुष्यंत चौटाला ने 2 दिन पहले हिसार में आयोजित की गई रैली में बृजेंद्र सिंह के बारे में कहा था कि अगर वे दो दिन और इंतजार कर लेते तो उन्हें पार्टी छोड़ने की नौबत नहीं आती।

श्री बृजेंद्र सिंह ने बीजेपी छोड़ने के सवाल पर कहा कि इसके कई कारण रहे हैं। उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला एक साल पहले ही ले लिया था, अगर वे उस समय पार्टी छोड़ते, तो उप चुनाव होते जिससे लोगों को परेशानी होती।

.............................................................................

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज महाराजा अग्रसेन सामुदायिक केंद्र में लगभग 1 करोड़ 51 लाख रूपये की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय हाल का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और शिवालिक बोर्ड उपाध्यक्ष ओम प्रकाश देवीनगर तथा बीजेपी के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा मौजूद रहे।

.............................................................................

कैथल की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संगीता राय सचदेव की विशेष अदालत ने गांजा पत्ती रखने के दोषी नरेश कुमार को आज एक साल के सख्त कारावास और 25000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर तीन महीने की अतिरिक्त कैद काटनी होगी।

..........................................................................

पंचकूला के वाणिज्य विभाग द्वारा आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया, जिसमे वाणिज्य विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जिसमें उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया ।

..........................................................................